भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1479
जिसका उत्तर मंगलवार, 08 दिसम्बर, 2015 को दिया जाना है

वाहन उत्सर्जन मानदंड

1479. श्री बी० विनोद कुमार:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की भारत स्टेज (बीएस) पांच उत्सर्जन मानदंड को वर्ष 2019 तक और बीएस-छह मानदंड को 2023 तक शुरू करने की योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी० एम० सिद्देश्वर)

(क) और (ख): सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर, नए मॉडलों के लिए 1 अप्रैल, 2019 को या उसके बाद विनिर्मित होने वाले और विद्यमान मॉडलों के लिए 1 अप्रैल, 2020 को या उसके बाद विनिर्मित होने वाले, श्रेणी एम और श्रेणी एन वाहनों के लिए सामूहिक उत्सर्जन मानदण्ड भारत स्टेज V (बीएस V) और नए मॉडलों के लिए 1 अप्रैल, 2021 को या उसके बाद और 1 अप्रैल, 2022 को या उसके बाद विद्यमान मॉडलों के लिए विनिर्मित होने वाले श्रेणी एम और श्रेणी एन वाहनों के लिए सामूहिक उत्सर्जन मानदण्ड VI (बीएस VI), को अनिवार्य बनाने हेतु अधिसूचना का मसौदा अपलोड किया है।

*****